प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उड़ान 2.0 योजना को दी मंजूरी : केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा सौ हवाई अड्डों का विकास।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच में विस्थापित परिवारों को सीएम आवास, शौचालय और आवास के लिए भूमि के पट्टों का किया वितरण : कहा– सेवा और संवेदना के साथ गरीबों के हित के लिए काम कर रही है सरकार।
3. केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी की अफवाहों का किया खंडन : केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– देश में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है फर्टिलाइज़र। और
4. चत्र नवरात्रि की सप्तमी तिथि पर प्रदेश भर के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ : प्रदेश सरकार ने रामनवमी पर 26 और 27 मार्च को सार्वजनिक अवकाश किया घोषित।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना उड़ान– 2.0 को 2026–27 से वर्ष 2035–36 तक, दस वर्षों

की अवधि के लिए शुरू करने और लागू करने की मंजूरी दी। इस योजना में 28 हजार आठ सौ 40 करोड़ रुपये का खर्च अनुमानित है। बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए ऐसे स्थानों पर सौ हवाई अड्डों का विकास किया जाएगा, जहां अभी तक हवाई पट्टियां नहीं हैं। इससे कम सेवा वाले और अनुपलब्ध क्षेत्रों में क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी में सुधार होगा। बाइट.....

*उड़ान 2.0 मॉडिफाइड उड़ान इसमें 100 न्यू एयरपोर्ट्स को डेवलप किया जाए। राज्य सरकारों को यह चौलेंज दिया जाएगा कि आप लोग प्रायोरिटी डिसाइड करो कहां पर एयरपोर्ट बनाना है और लैंड से रिलेटेड परमिशन से रिलेटेड फॉरेस्ट का अगर इश्यू आता है तो उससे रिलेटेड कहीं पर भी कोई भी इश्यू आता है वह सब आप प्रायोरिटी बेसिस पर क्लियर करो उस एयरपोर्ट को लिया जाएगा।*

कैबिनेट ने इमिग्रेशन, वीजा, विदेशी पंजीकरण और ट्रैकिंग– आई.वी.एफ.आर.टी योजना को 31मार्च, 2031 तक, जारी रखने की मंजूरी भी दे दी है।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बहराइच में 136 विस्थापित परिवारों को मुख्यमंत्री आवास, शौचालय और आवास के लिए भूमि के पट्टों का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने 118 लाभार्थियों को 21 करोड़ 55 लाख रुपए की धनराशि भी हस्तांतरित की। कार्यक्रम को संबोधित

करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पिछले 9 वर्षों में प्रदेश को नवनिर्माण की दिशा में अग्रसर किया है। उन्होंने कहा कि बहराइच में किए जा रहे पुनर्वास के काम डबल इंजन सरकार की सेवा और संवेदना के प्रतीक हैं। श्री योगी ने कहा कि सरकार जनता को मूलभूत सुविधाएं देने के साथ यह भी सुनिश्चित कर रही है कि गरीबों के अधिकार सुरक्षित रहें। बाइट......

*जब सेवा और संवेदना शासन की व्यवस्था का हिस्सा बनता है तब गरीब के घर में शौचालय बनता है। जब सेवा और संवेदना जीवन का हिस्सा बनता है और सरकार इसे अपने एजेंडे का हिस्सा बनाती है तब गरीब के घर में मकान बनता है। एक आवास की सुविधाओं से प्राप्त होती है। जब सेवा संवेदना बोलती है तब गरीब को आयुष्मान का कार्ड बनता है और उसी सेवा और संवेदना के सेतु को जोड़ने के लिए आज हम सब इस बहराइच जनपद में आए हैं।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छात्राओं के लिए छात्रावास निर्माण के लिए भूमिपूजन और शिलान्यास किया। साथ ही साइबर फॉरेंसिक रिसर्च संटर का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए छात्रावास जैसी सुविधाएं आज की आवश्यकता हैं, जिससे वे नए भारत के निर्माण में अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभा सकें।

———————————

पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रम पर आज नई दिल्ली में अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता में पट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बढोतरी नहीं की गई। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। पीएनजी विस्तार के बारे में उन्होंने कहा कि पिछले 25 दिनों मं लगभग ढाई लाख नये पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं। इसी क्रम में वाराणसी में मंडलायुक्त एस राज लिंगम ने मीडिया से बातचीत में जानकारी दी कि वाराणसी में पीएनजी नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। बाइट......

*सो, हम इसको 100 प्रतिशत पुश कर रहे हैं। इसमें गेल से भी सहयोग मांगा। गेल पूरी तरह सहयोग करने के लिए तैयार है। जो जिस क्षेत्र में कुछ जगहों पर कनेक्शन दे दिया गया, फंक्शनल नहीं किया गया, उसको हम तत्काल प्रायोरिटी पर ले रहे हैं और जहां डिमांड है, नेक्स्ट प्रायोरिटी पर उसी को ले रहे हैं। बट हमारा प्रायोरिटी जो है पूरे शहर को इसमें पीएनजी में कन्वर्ट करने है।*

———————————

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज गोरखपुर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किट वितरण किया। कार्यक्रम से पहले उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि देश में फर्टिलाइजर की कोई कमी नहीं है। बाइट.....

*कोई कमी नहीं है। किसान भाई–बहन आश्वस्त रहे। हमारे पास फर्टिलाइजर की पर्याप्त व्यवस्था है। खेती–बाड़ी में कोई दिक्कत नहीं आएगी। आगे बाकी व्यवस्था बनी रहे। इसके लिए प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हम दिन और रात प्रयत्न कर रहे हैं। समाधान प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हर संकट का निकला है। हम आश्वस्त है कि सारी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाकर रखें।*

———————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप पादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

———————

**सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी कनेक्शनों के लिए रिफिल बुकिंग की समय सीमा को संशोधित करके 45 दिन करने के दावों और खबरों का खंडन किया है। दावों में कहा गया है कि गैर–पीएमयूवाई सिंगल बॉटल कनेक्शनों के लिए नई समय सीमा 25 दिन और गैर–पीएमयूवाई डबल बॉटल कनेक्शनों के लिए 35 दिन है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि मौजूदा रिफिल बुकिंग की समय सीमा अपरिवर्तित है।**

———————————

चत्र नवरात्रि की सप्तमी तिथि पर प्रदेश भर के देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में भोर से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवीपाटन शक्तिपीठ मं मां पाटेश्वरी देवी का दर्शन–पूजनकर प्रदेश की सुख–समृद्धि की कामना की। वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ धाम में के वस्त्र और श्रृंगार सामग्री शक्तिपीठ माता विशालाक्षी को अर्पित उपहार स्वरूप भेंट की गई। मीरजापुर के शीतला धाम में भी सुबह से भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*नवरात्रि की सप्तमी पर शीतला धाम मंदिर को गुलाब, गेंदा और अड़हुल के फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है। मां शीतला का भी मनमोहक श्रृंगार किया गया है। मां के कालरात्रि स्वरूप के दर्शन के लिए मिर्जापुर के साथ वाराणसी, जौनपुर, भदोही, चंदौली और सोनभद्र समेत पूर्वांचल के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहेहैं। मां के दर्शन के लिए आधी रात से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था जो दिन भर जारी रहा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस–प्रशासन विशेष सतर्कता बरत रहा है। महानिशा की पूजा को देखते हुए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये हैं पूजा स्थलों के आसपास अलास्का लाईट लगाई गई है। एस.एम.सबा, आकाशवाणी समाचार, मीरज़ापुर।*

———————————

रामनवमी पर्व के मद्देनज़र अयोध्या में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज एडीजी लखनऊ जोन प्रवीण कुमार के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने फ्लैग मार्च निकाला। श्री कुमार ने बताया कि पुलिस

अधिकारियों ने अयोध्या में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। वहीं डिविजनल कमिश्नर राजेश कुमार ने बताया कि सभी तैयारियों को लेकर आज विभिन्न विभागों के साथ बैठक भी की गई । बाइट.....

*रामनवमी पर जो धाम है, इसको पूरे सेक्टरों में बांटा गया है जैसे कनक भवन में बहुत भीड़ होती है, राम मंदिर में बहुत भीड़ होगी, हनुमान गढ़ी में बहुत भीड़ होगी और बाकी नागेश्वर मंदिर में बहुत भीड़ होगी तो इस हिसाब से और घाट पर भीड़ रहेगी। तो अलग–अलग जगहों पर सेक्टरों में बांटा गया है और साथ में टैफिक के लिए दो सेक्टर बनाए गए हैं। उन्हीं की ब्रीफिंग और जो रूट प्लान है वह पहले से ही डिसाइड था उसको और फाइन ट्यून किया गया है।*

प्रदेश सरकार ने रामनवमी के अवसर पर 26 मार्च के साथ 27 मार्च को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

(समाप्त)